प्रेस नोट

दिनांक–25.11.2024 को डी0ए0पी0 एवं एन0पी0के0 उर्वरक सहकारी क्षेत्र में 1946 मै0टन एवं निजी क्षेत्र में 1023 मै0टन कुल 2969 मै0टन जनपद को प्राप्त हो रही फास्फेटिक उर्वरक की रैक।

जनपद में गन्ने की कटाई के बाद रबी फसलों की बुवाई का कार्य चल रहा है, जिसकी निर्वाध आपूर्ति हेतु दिनांक–25.11.2024 को एन0पी0के0 एवं डी0ए0पी0 मात्रा 1946 मै0टन की रैक सहकारी क्षेत्र में प्राप्त हो रही है, जिसका वितरण सहकारी समितियों के माध्यम से कृषकों में किया जायेगा। डी0ए0पी0 मात्रा 1023 मै0टन की रैक निजी क्षेत्र में प्राप्त हो रही है, जिसका वितरण निजी विक्रेताओं के माध्यम से कृषकों में किया जायेगा।

उक्त के अतिरिक्त दिनांक–29.11.2024 को इफको की डी0ए0पी0 420 मै0टन एवं एन0पी0के0 753 मै0टन की रैक जनपद को प्राप्त हो जायेगी।

अतः आज दिनांक–23.11.2024 को डी0ए0पी0 एवं एन0पी0के0 (फास्फेटिक) उर्वरकों की उपलब्धता 2197 मै0टन है। जिसका वितरण समस्त सहकारी समितियों एवं अन्य निजी क्षेत्र के उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से कृषकों को उनकी जोत/कृषित भूमि के आधार पर बोने हेतु फसलों की आवश्यकता अनुसार फास्फेटिक उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि जनपद में 794 मै0टन एस0एस0पी0 (सिंगल सुपर फास्फेट) उर्वरक उपलब्ध है कृषक भाई रबी फसलों की बुवाई हेतु इसका भी प्रयोग कर सकते है तथा जनपद में रबी फसलों की बुवाई के लिए डी0ए0पी0 एवं एन0पी0के0 (फास्फेटिक) उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। फास्फेटिक उर्वरक की जनपद में कोई कमी नहीं है।

जिला कृषि अधिकारी,
अमरोहा।

कार्यालय :– जिला कृषि अधिकारी, अमरोहा।

पत्रांक– 435/कृषि–4/उर्वरक/एफ0सी0ओ0/2024–25–दिनांक :– 23-11-2024

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिला सूचना अधिकारी, अमरोहा को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
2. उप कृषि निदेशक, अमरोहा।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अमरोहा।
4. जिलाधिकारी महोदया, अमरोहा की सेवा में अवलोकनार्थ प्रेषित।

जिला कृषि अधिकारी,
अमरोहा।

Scanned with CamScanner